सरस्वति नमस्तुभ्यं
वरदे कामरूपिणि।
विद्यारम्भं करिष्यामि
सिद्धिर्भवतु मे सदा।।

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक150 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 18 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## गुणवत्ता जांच हेतु दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के लिए गए नमूने



सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जांच दल द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच सतत जारी। इसी क्रम 16 फरवरी को श्याम दूध डेरी छिंदवाड़ा रोड एवं दिनशा दूध डेयरी प्राइवेट लिमिटेड गोपालगंज से दूध एवं दुग्ध से बने अन्य उत्पादों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए एवं खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। इसी तरह साहू दूध डेरी छिंदवाड़ा रोड से दूध एवं घी का नमूना लिया गया संबंधित द्वारा बिना विहित खाद्य पंजीयन के व्यापार करने पर प्रतिष्ठान को सील किया गया। क्वालिटी दूध डेरी गोपालगंज से दूध एवं माही का नमूना लिया गया तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ रखने के कारण फफूंद लगा 20 किलो मावा मौके पर ही नष्ट कर कर उक्त खाद परिसर का खाद्य लाइसेंस निलंबित किया गया। इस दौरान जांच दल द्वारा स्थानीय जनों को खाद्य पदार्थों की सुरक्षा एवं इनके रखरखाव की जानकारी दी गई।

## गोंडवाना का धार्मिक कार्यक्रम कोयपुनेम संपन्न

छपारा यशोः- गोंडवाना समग्र क्रांति आंदोलन के द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम कोयपुनेम 10 फरवरी से आयोजित किया गया जो 16 फरवरी को 750 धनवंतरी महांत्यागी लिंगो दादाजी साजवा दरबार के सांनिध्य में संपन्न किया गया दल्लीटोला में आयोजित समापन कार्यक्रम में गोंडवाना समग्र क्रांति आंदोलन के सभी पदाधिकारी एवं क्रांति धर्माचार्य सलाम दादा उपस्थित हुए एवं प्रवचन करता जगदेव सहाय कुमरे जी कोडरा एवं छपारा ब्लाक के जनप्रतिनिधि सहित छपारा ब्लाक के जनपद अध्यक्ष सदम सिंह बरकडे एवं संतराम भलावी जिला उपाध्यक्ष जी जी पी जनपद पंचायत सदस्य एवं सकत धुर्वे ?? ?जी जी पी ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी सं या में आदिवासी समाज के युवा बुजुर्ग महिलाएं उपस्थित रहे

## जिले की 107 शालाओं में 19, 20 एवं 21 फरवरी को होगा, राज्य स्तरीय वार्षिक सर्वे (एफ एल एन)

सिवनी यशोः- राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के पत्र क 514 एवं 524 भोपाल दिनांक 07/02/24 के परिपालन में सत्र 2023-24 हेतु कक्षा 2 एवं 3 में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभा परखने हेतु राज्य स्तरीय वार्षिक मिडलाइन सर्वे दिनांक 19, 20 एवं 21 फरवरी 2024 को होना है, जिसमें जिले के 107 स्कूलों के कक्षा 2 एवं 3 के कुल 1617 बच्चों का सर्वे होना है। से पल शालाओं का चयन राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा किया गया है। अे टूबर 2022 में कक्षा 2 के बच्चों का राज्य स्तरीय बेसलाइन सर्वे किया जा चुका है। दिनांक 15 एवं 16 फरवरी 2024 को जिले के मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा डाइट के फील्ड इंवेस्टिगेटर को सर्वे संबंधी प्रशिक्षण डाइट केवलारी में दिया गया है।
विकासखण्ड सिवनी एवं कुरई में 19 फरवरी को विकासखण्ड छपारा, लखनादौन एवं धनौरा में 20 फरवरी एवं विकासखण्ड बरघाट, केवलारी एवं घंसौर में 21 फरवरी 2024 को सर्वे कार्य डाइट के फील्ड इंवेस्टिगेटर (FI) द्वारा शिक्षा एमपी एप्प के माध्यम से किया जावेगा। सर्वे में चिन्हित 107 विद्यालयों में मॉनीटरिंग हेतु बीआरसीसी, बीएसी, सीएसी को विद्यालय आवंटित किये गये है, जिले में पदस्थ समस्त एपीसी को विकासखण्ड का नोडल नियुक्त किया गया है। संबंधित समस्त संस्था प्रमुखों को सर्वे दिवस में प्रातः 09.45 बजे विद्यालय खोले जाने हेतु एवं समस्त बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। फील्ड इंवेस्टिगेटर को डाइट से रूट चार्ट अनुसार सर्वे किये जाने हेतु संबंधित विद्यालय तक लाने-ले-जाने हेतु वाहन व्यवस्था की गई है।




# कमलनाथ हुये कमल के?

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने छिंदवाड़ा में अपने समर्थक नेताओं से बातचीत की। उनसे रायशुमारी की और सीधे-सीधे पूछा कि ' या करना है?' इसके बाद छिंदवाड़ा के अन्य कार्यक्रम निरस्त किए और भोपाल होकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। अब कहा जा रहा है कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से अपने सांसद बेटे नकुल नाथ के साथ भाजपा में शामिल होने वाले हैं। हालांकि, उनकी या उनके किसी समर्थक की तरफ से इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है।
सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन कमलनाथ को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के तीसरे बेटे की तौर पर देखा जाता था, वह पार्टी छोड़ने के कगार पर कैसे पहुंचे? नवंबर-दिसंबर में मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने उन्हें मु यमंत्री का चेहरा बनाया। इसके बाद अचानक उन्हें मध्य प्रदेश




अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। पार्टी के कार्यक्रमों से भी उन्होंने दूरी बना ली और फिर अचानक उनके भाजपा में जाने की अटकलें तेज हो गई।

**कमलनाथ की नाराजगी के पांच कारण**

1. विधानसभा की हार का ठीकराः मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने कमलनाथ के नेतृत्व में चुनाव लड़ा। प्रदेश की 230 में से भाजपा ने 163, कांग्रेस ने 66 और भारत आदिवासी पार्टी ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में हार का ठीकरा कमलनाथ पर फोड़ दिया। उन्हें इसके लिए जि मेदार ठहराया गया। अन्य नेताओं ने भी उन्हें अलग-थलग कर दिया।
2. अचानक अध्यक्ष पद से हटायाः विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस ने एकाएक अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया। राहुल गांधी के करीबी रहे जीतू पटवारी को प्रदेश कांग्रेस की बागड़ोर सौंपी गई। न तो कमलनाथ से रायशुमारी हुई और न ही उन्हें बताया गया और अचानक उन्हें बदलने का फरमान जारी हो गया। इससे भी कमलनाथ आहत हुए थे। भले ही सार्वजनिक मंच पर उन्होंने इसे छिपाया, लेकिन नाराजगी नहीं छिपा सके।
3. केंद्र की राजनीति करना चाहते थेः कमलनाथ की सक्रियता हमेशा से केंद्रीय राजनीति में रही है। 2018 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उन्हें मध्य प्रदेश में भेजा गया था। जब सरकार चली गई तो लगा कि उन्हें फिर से दिल्ली बुला लिया जाएगा। इसके विपरीत पार्टी ने उन्हें मध्य प्रदेश में ही उलझाए रखा। 2023 के विधानसभा चुनावों में हार के बाद कमलनाथ फिर दिल्ली जाना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने उनकी नहीं सुनी।
4. राज्यसभा टिकट नहीं मिलाः कमलनाथ राज्यसभा का चुनाव लड़कर केंद्रीय राजनीति का हिस्सा बनना चाहते थे। उन्होंने कांग्रेस विधायकों के लिए एक डिनर भी रखा था। तब पार्टी ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए सोनिया गांधी को चुनाव लड़ने का आग्रह किया। जब सोनिया गांधी ने राजस्थान को चुना तो दिग्विजय सिंह के समर्थक अशोक सिंह को राज्यसभा का उ मीदवार बना दिया गया। यह पूर्व मु यमंत्री को अच्छा नहीं लगा।
5. चुनावों में दिग्विजय सिंह से अनबनः विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा से आए कुछ विधायकों और पूर्व विधायकों के टिकट को लेकर पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह से भी कमलनाथ की अनबन हुई थी। कमलनाथ का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वह टिकट मांग रहे नेताओं को कह रहे हैं कि जाकर दिग्विजय सिंह के कपड़े फाड़ो। कमलनाथ खेमे को लगता है कि यह सब पार्टी के एक धड़े ने किया। उनके खिलाफ माहौल बनाया गया।

**23 विधायक भी छोड़ सकते हैं कांग्रेस**

मध्य प्रदेश में कांग्रेस के 66 विधायक हैं। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके साथ 23 विधायकों के भी कांग्रेस छोड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा दो से तीन महापौर समेत कई अन्य भी भाजपा में जा सकते हैं।

**कमलनाथ के इस्तीफे की अटकलें, समर्थकों ने किया खंडन**

इस बीच कमलनाथ के इस्तीफे की अटकलें भी लग रही हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफा कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को सौंप दिया है। हालांकि, छिंदवाड़ा से कमलनाथ के करीबी नेता सैयद जाफर ने इन सूचनाओं का खंडन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ÷कमलनाथजी और नकुलनाथजी के इस्तीफे को लेकर जो खबरें मीडिया में चल रही हैं, वे सब निराधार हैं। कमलनाथजी ने कोई इस्तीफा नहीं दिया है।÷ इससे पहले सैयद जाफर ने ही लिखा था कि ÷हनुमान भक्त कमलनाथ जी ने 45 साल से अधिक कांग्रेस में सेवा देने के बावजूद भी कभी भी धार्मिक राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दों पर समझौता नहीं किया।

## भाजपा एक ऐसी तानाशाह सरकार है जो विपक्षी पार्टियों को चुन-चुनकर निशाना बना रही है- कांग्रेस

**जिला कांग्रेस द्वारा आयकर ऑफिस पंहुचकर किया विरोध प्रदर्शन**

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लोकतंत्र की मूलभावनाओं को खतरे में डालने के विरोध में जिला आयकर ऑफिस पंहुचकर विरोध प्रदर्शन किया गया। एक ऐसी तानाशाह सरकार केन्द्र की सत्ता में काबिज है जो कि देश के नियम कानूनों को नजर अंदाज कर सिर्फ और सिर्फ विपक्षी पार्टियों को चुन-चुन कर सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर निशाना बना रही है। इनकम टै स, ईडी, सीबीआई इन सभी सरकारी संस्थाओं को भाजपा सरकार ने अपने हाथों की कटपुतली बना रखा है और इनका इस्तमाल




जो भी विपक्षी पार्टियों के नेता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को मुखर होकर उठाते है उन्हें जेल भेज दिया जाता है। चिद बरम, राहुलगांधी, पवन खेरा, संजय राउत, मनीष सिसोदिया, सतेन्द्र जैन, संजय सिंह, हेमंत सोरेन, कन्हैया कुमार, हार्दिक पटेल जैसे अनेक नाम है जिन्हें सिर्फ भाजपा के भ्रष्टाचार उजागर करने पर जेल भेज दिया गया। भाजपा में ऐसे अनेक भ्रष्टाचारी शामिल कर लिये गये है हेमंत विश्सरमा, मुकुल राय, शुबेन्दु अधिकारी, नारायण राणे, अजीत पंवार, अशोक चव्हाण ये ऐसे नेता है जिनके नाम लेकर मंच से मोदी, अमित शाह एवं भाजपा के नेता भ्रष्टाचारी कहते थे जिन पर भ्रष्टाचार के अनेक मामले दर्ज थे भाजपा में आने के बाद इन सब पर भ्रष्टाचार के मामले धीरे धीरे खतम कर दिये गये।
इले टोरल बॉन्ड जो कि भाजपा के कालाधन एकत्रित करने का साधन था सबसे ज्यादा इले टोरल बॉन्ड से चुनावी चंदा 5 हजार करोड़ रू. भाजपा को मिला। सुप्रीम कोर्ट ने इले टोरल बॉन्ड को रद्ध कर भाजपा के मुंह पर करारा तमाचा मारा है जिससे तिलमिलाकर भाजपा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के बैंक खातो को सीज कर दिया। जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा जिला आयकर विभाग के कार्यालय पंहुचकर विरोध प्रदर्शन किया गया।
विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस संगठनमंत्री एड़ पंकज शर्मा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष इमरान पटेल, सूर्यनारायणसिंह बघेल, अतुलचंद मालू, आजम दीवान अली, राजिक अकील, डालचंद बर्वे, कैलाश अवधिया, गेंदलाल भलावी, ध्रुवनारायणसिंह चैधरी, राजेश मानाठाकुर, राजिक अकील, धनंजय सिंह, टिकेन्द्र देशमुख, डॉ. एस बाबू राव, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, ठाकुर जयप्रकाश सिंह परिहार, विनोद यादव, राकेश अग्रवाल, जोऐब जकी अनवर, एड़ श्याम डहेरिया, नन्दू यादव, विनोद नाग, इरशाद कादरी मोनू, विनोद पंकज साहू, राम सनोडिया, संजय साहू, सतेन्द्र बघेल, पियूष कांडा, अंकुश कांडा, बंटी पात्रे, माधव तिरैया, संजू काकोडिया, देवेन्द्र परिहार सहित सैकड़ो कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## आजीविका सिलाई केन्द्र गोपालगंज में मिली 5 हजार रेडीमेड गणवेश

सिवनी यशोः-सिवनी विकासखंड के सांसद आदर्श गांव गोपालगंज स्थित आजीविका मिशन के ग्राम संगठन का सिलाई प्रशिक्षण केंद्र प्राथमिक शाला भवन में संचालित हैं। जिपं सीईओ के निर्देश पर मौके पर जांच करने पहुंचे मनरेगा परियोजना अधिकारी डा. संतोष वाल्मिकी को 38 बैग में रखा करीब 5 हजार रेडीमेड गणवेश मिला है, जो सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं द्वारा तैयार करने की बजाए अन्यंत्र स्थानों से बुलाया गया था। इसे पंचनामा कार्यवाई के जनपद पंचायत सिवनी कार्यालय की अभिरक्षा में रखवा दिया गया है। वहीं जांच प्रतिवेदन तैयार कर आगे की कार्यवाई के लिए जिला पंचायत सीईओ को भेजा जा रहा है। कितने स्थानों पर इस तरह की कार्यवाई हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## फाइनल मैच में खैरनरा की टीम रही विजेता

छपारा यशोः-ग्राम पंचायत पीपरढ़ाना में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कई टीमों ने मैच का प्रदर्शन किया 16 फरवरी को पीपरढ़ाना और खैरनरा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें खैरनरा की टीम ने एक रन से फाइनल मुकाबला जीत लिया क्रिकेट प्रतियोगिता के मु य



अतिथि सदम सिंह बरकड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत छपारा ने विजेता टीम को इनाम वितरण किया इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा किसी भी खेल को खेल की भावनाओं से खेलना चाहिए खेल में हमेशा एक टीम को हार नहीं पड़ता है ।आप लोगों ने क्रिकेट प्रतियोगिता कराया इसके लिए आप बहुत धन्यवाद के पात्र हो ।
टक्रिकेट प्रतियोगिता पीपरढ़ाना में प्रतिवर्ष कराया जाता है जिसमें जनपद क्षेत्र की अनेकों टीम प्रतियोगिता में भाग लेती है । इस क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष सरपंच राधेलाल उईके ग्राम पंचायत पीपरढ़ाना एवं सकत धुर्वे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष छपारा सहित समस्त पांच ग्राम पंचायत पीपरढ़ाना एंव क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे ।

## किसानों को ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआवजा मिलेगा - राज्यमंत्री अहिरवार



भोपाल । वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार छतरपुर जिले के चांदला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुँचे, जहाँ ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराब हुई है। राज्यमंत्री ने स्वयं खेतों में जाकर खराब हुई फसलों का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नही है। प्रदेश सरकार उनकी चिंता करेगी। राज्यमंत्री श्री दिलीप सिंह अहिरवार ने कहा कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

## कन्या महाविद्यालय सिवनी की छात्राओं को सायबर धोखाधड़ी से बचाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

सिवनी यशोः-नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में महाविद्यालय की संरिक्षका प्रो. अमिता पटेल के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में महाविद्यालय में ÷साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा÷ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में पुलिस विभाग के साइबर सेल निरीक्षक श्री ओमेश्वर ठाकरे, उप निरीक्षक श्री देवेंद्र जायसवाल एवं महिला सुरक्षा प्रभारी श्री प्रदीप वाल्मीकि द्वारा छात्राओं को इंटरनेट सुरक्षा एवं साइबर अपराध से अवगत कराया। उन्होंने आम साइबर खतरों पर छात्राओं से चर्चा की तथा विभिन्न प्रकार के फिशिंग अटैक, कार्ड धोखाधड़ी, केवाईसी घोटाला,



ऑनलाइन जॉब स्कैम, वैवाहिक रोमांस, पहचान, धोखाधड़ी के बारे में बताया। उन्होंने ऑनलाइन सुरक्षित रहने के विभिन्न तरीके से छात्राओं को अवगत कराया। इसके साथ उन्होंने साइबर ठगी के प्रचलित तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से विश्वसनीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करने, ईमेल आईडी सोशल मीडिया प्रोफाइल्स ई-वॉलेट्स, नेट बैंकिंग आदि के पासवर्ड मजबूत रखने, टू स्टेप वेरीफिकेशन, सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपाना एवं प्रोफाइल लॉक रखना जैसे उपाय छात्राओं को बताएं। इसके साथ ही इले ट्रॉनिक गैजेट्स में खराबी आने पर विश्वसनीय व्यक्ति से ही अपने गजट रिपेयर करवाए अथवा पुराने इले ट्रॉनिक डिवाइस बेचने से पूर्व मेमोरी का डेटा साफ करना ना भूल, ऑनलाइन शॉपिंग के लिए मान्यता प्राप्त ई-कॉमर्स वेबसाइट का ही उपयोग करें। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, अपना एटीएम पासवर्ड किसी के साथ साझा न करने तथा अनजान नंबरों से आए वीडियो कॉल रिसीव न करने हेतु आवाहन किया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन चैट पर आपत्तिजनक तत्व कभी भी सझा ना करें, ना ही अपने मोबाइल कंप्यूटर पर ऐसे सामग्री निर्मित करें, सोशल मीडिया पर किसी भमित्र द्वारा मजबूरी बता कर पैसों की मांग करने पर तुरंत पैसा कभी भी जमा ना करें पहले विश्वसनीय माध्यम से पुष्टि कर ले, किसी भी अनजान लिंक पर ि लक ना करें, किसी भी ऑनलाइन मित्र से एकांत में मिलने ना जाए। उन्होंने बताया कि यदि छात्रा इस प्रकार की सावधानियां बरतेगी तो निश्चित रूप से वे अपने आप को तथा अपने परिवार को सुरक्षित रख पाएंगे। आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है, जिसके दुष प्रभावों के बारे में अभी कुछ बोलना जल्दबाजी होगा, परंतु हम सबको सुरक्षित रहने हेतु जागरूक रहना आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं, हुए। कार्यशाला को सफल बनाने हेतु मोहमद राशिद, डॉ. डिंपल डहेरिया, श्रीमती समिता शर्मा, श्रीमती अनीता कुल्हाड़े एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

## 8 साल से फरार स्थायी वारंटी को पकडा कोतवाली पुलिस ने

**नशे का सौदागर बबलू पठान गिर तार**

सिवनी यशोः- 15 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि फिरदौस उर्फ बबलू पठान सिवनी में कोई घटना करने की नीयत से चाकू लिये घूम रहा है । उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी के पूर्व से ही माननीय न्यायालय से धारा 307, , 294,506,34 ताहि का स्थायी वारंट और धारा 327, 294, 506, (2) ताहि का गिर तारी वारंट जारी है। जिसकी तलाश पुलिस को बहुत दिनों से है। मुखबिर की सूचना पर थाना स्टाफ को हमराह लेकर बताये गये स्थान पर दबिश दिया जो वारंटी फिरदौस उर्फ बबलू पठान अपने घर के सामने पुलिस को देखकर भागने लगा जिसको घेराबंदी कर पकडा जिसके पास से एक बटनदार धारदार चाकू बरामद हुआ जिसे गिर तार कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स ऐ ट के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2022 में एनडीपीएस ऐ ट (अवैध मादक पदार्थ) से संबंधित प्रकरण लंबित था जिसमें आरोपी फरार होने से गिर0 लंबित थी प्रकरण में भी आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की जाना है ।
आरोपी - फिरदौस उर्फ बबलू पठान पिता अब्दुल रसीद खान उम्र 36 साल - निवासी बडे मिशन स्कूल के पीछे केवटी वार्ड सिवनी से एक बटनदार धारदार चाकू बरामद किया

# गौरा बाई बोली मेरी झोपड़ी ने अब पक्के घर का रूप ले लिया है



भोपाल । झुग्गी-झोपड़ी में रहते-रहते मेरी जिंदगी बीत चली थी। कभी सोचा भी नहीं था कि हमारे ऊपर भी पक्की छत होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत मेरी झोपड़ी ने अब पक्के घर का रूप ले लिया है। यह कहना है ग्वालियर की गौरा बाई का। जीवन के लगभग 70 बसंत देख चुकीं गौरा बाई लोहपीटा समुदाय से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने अब तक अपने जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा खानाबदोश की तरह जिया है। इसी बीच पति का असमय निधन हो गया। तब लगा कि जीवन में पक्के घर का सपना पूरा नही होगा। गौरा बाई बताती हैं कि एक दिन मुझे ग्वालियर नगर निगम के कर्मचारियों से पता चला कि हम जैसे जरूरतमंदों को पक्का घर बनाने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आर्थिक मदद मिलती है। मेरे भीतर उ मीद की किरण जगी। नगर निगम के कर्मचारियों के सहयोग से मैंने अपना फार्म भर दिया और जल्द ही मेरे लिये पक्का मकान मंजूर हो गया। गौरा बाई बताती हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुझे कुल मिलाकर 2 लाख 50 हजार रूपए की मदद मिली, जिससे हमने अपने सपनों का आशियाना तैयार कर लिया है। गौरा बाई बताती हैं कि टप्पा तहसील मुरार परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए शिविर में गौरा बाई को केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जब उनके मकान की आखिरी किस्त सौंपी तो वे भावुक हो गई।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार जताते हुए गौरा बाई बोलीं कि मुझे केवल पक्का घर ही नहीं, हर माह 600 रूपए कल्याणी पेंशन भी सरकार से मिल रही है। इसके साथ ही सरकार से एक रूपए प्रति किलो के हिसाब से अनाज भी मिल रहा है। अब मुझे कोई दिक्कत नहीं है। राज्य और केन्द्र सरकार की योजना से मेरे परिवार के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।


# छत्रपति महाराज के व्यक्तित्व, स्वराज्य की संकल्पना व किलों की समझ विकसित करती है पुस्तक 'हिन्दवी स्वराज्य दर्शन'

## शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक से लेकर देवलोकगमन तक की यात्रा के साक्षी बने दुर्ग की कहानी भी पुस्तक 'हिन्दवी स्वराज्य दर्शन' में शामिल है.......

**सौरभ तामेश्वरी**

पुस्तकों का लेखन जितना सरल हो, लोग उससे उतने ही अधिक जुड़ते हैं। पत्रकार, मीडिया शिक्षक एवं बेहतरीन लेखक लोकेंद्र सिंह की नई पुस्तक %हिंदवी स्वराज्य दर्शन% पाठकों से बड़ी ही सहजता से अपने विषय पर संवाद करती है। यात्रा वृतांत के रूप में लिखी गई इस पुस्तक में हिन्दवी स्वराज के दुर्गों के बारे में विस्तृत चर्चा है।

हमें ज्ञात है कि हिन्दवी स्वराज्य में दुर्ग केंद्रीय तत्व हैं। जब विदेशी आक्रांताओं के अत्याचारों एवं दासता के अंधकार से देश घिरता जा रहा था, तब हिन्दवी स्वराज के इन्हीं किलों से स्वराज्य का संदेश देनेवाली मशाल जल उठी थी। स्वराज्य की स्थापना हेतु छत्रपति शिवाजी महाराज अपने इन्हीं दुर्गो से गर्जना कर मराठों में आत्मविश्वास और स्व से प्रेम जाग्रत करते थे।




पुस्तक %हिन्दवी स्वराज्य दर्शन% में लेखक अपनी यात्रा के अनुभवों को आधार बनाते हुए हमें दुर्गों के बारे महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं। पुस्तक में पहले ही बताया गया है कि यह अपने इतिहास को, स्वराज्य के लिए हुए संघर्ष एवं बलिदान को समीप से जानने-समझने की एक अविस्मरणीय यात्रा को समर्पित है। हिन्दवी साम्राज्य के संस्थापक एवं स्वराज्य के उद्घोषक श्री शिव छत्रपति महाराज के व्यक्तित्व, स्वराज्य की संकल्पना व किलों को समझने में महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में यह पुस्तक आयी है। लेखक ने पुस्तक में अधिक से अधिक संदर्भों का सहारा लिया है इसलिए यह बेहद तथ्यात्मक भी है।

पुस्तक पढ़ने से पहले हिन्दवी स्वराज के किलों के बारे में आपकी जो धारणा होगी, उससे अलग और अधिक जानकारी इस पुस्तक में है। दुर्ग, जिन्हें हम किले, %गढ़% और %कोट% के नाम से भी जानते हैं। पुस्तक में दुर्गों के प्रकारों पर प्रकाश डाला गया है। पुस्तक %हिन्दवी स्वराज्य दर्शन% पढ़ने के बाद दुर्गों के विभिन्न स्वरूपों की समझ विकसित होती है।

इस पुस्तक में हिन्दवी स्वराज की प्रतिज्ञाभूमि की स्मृतियां ताजा होंगी। श्रीशिव छत्रपति के राज्याभिषेक से लेकर उनके देवलोकगमन के अवसरों के साक्षी बने %श्री दुर्गदुर्गेश्वर- रायगढ़% के किले की दास्तान सुनने को मिलेगी। मिर्जा राजा जयसिंह और छत्रपति के मध्य हुई ऐतिहासिक और रणनीति पुरंदर संधि की जानकारी प्राप्त होगी। इसमें तानाजी के शौर्य की गाथा कहते सिंहगढ़ की चर्चा होगी तो छत्रपति शंभूराजे की समाधि के महत्व सहित अनेक पहलुओं की बात है।

पुस्तक में छत्रपति शिवाजी महाराज का अपने बच्चों की तरह दुर्गों का ध्यान रखकर उनके प्रति स्नेह दिखता है। साथ ही उनकी चतुराई की समझ का भी ज्ञान होता है, जहां वह दुर्गों की सुरक्षा देखने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करवाते थे। महाराज ऐसा यों करवाते थे, यह आपको पुस्तक पढ़ने के बाद समझ आएगा। आप लेखक लोकेंद्र सिंह की पुस्तक %हिन्दवी स्वराज्य दर्शन% को अवश्य पढ़ें। उनकी यह पुस्तक काफी चर्चाएं बटोर रही है। यह पुस्तक अमेजॉन पर उपलब्ध है, जिसे आप आसानी से घर बैठे ही ऑर्डर कर सकते हैं। पुस्तक मंगवाने हेतु https://amzn.eu/d/25hF×V3 पर जाएं।

# नि:शुल्क कैंसर शिविर में हजारों रोगियों को मिलेगी उपचार सुविधा - उप मु यमंत्री शु ल

## रीवा में 24 और 25 फरवरी को विशाल निन्शुल्क कैंसर जाँच एवं उपचार शिविर

भोपाल । उप मु यमंत्री श्री राजेन्द्र शु ल ने कहा है कि निन्शुल्क कैंसर शिविर से हजारों रोगियों को जाँच और उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा में 24 और 25 फरवरी को विशाल निन्शुल्क कैंसर जाँच एवं उपचार शिविर लगाया जा रहा है। इंदौर कैंसर फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में मुख कैंसर तथा स्तन कैंसर रोगियों की जाँच एवं निन्शुल्क उपचार किया जाएगा। उप मु यमंत्री श्री शु ल ने रीवा कले ट्रेट सभागार में शिविर की तैयारियों की समीक्षा की और दिशा निर्देश दिये।



उल्लेखनीय है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल स्तर तक 19 फरवरी तक शिविर लगाए जा रहे हैं। अब तक रीवा संभाग में 57 हजार से अधिक लोगों की जाँच की गई है। इनमें से 2 हजार से अधिक कैंसर रोगियों को चिन्हित किया गया है। इंदौर कैंसर फाउण्डेशन की टीम को सहयोग देने के लिए संजय गांधी हास्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, जिला चिकित्सालय तथा मेडिकल कालेज की टीम तैनात रहेगी।

**कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान पूर्ण उपचार में अहम**

उप मु यमंत्री ने कहा कि कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान हो जाने पर इसका पूरी तरह से उपचार संभव है। समय पर उपचार न होने पर कैंसर की समस्या जटिल और कष्टप्रद हो जाती है। शिविर के माध्यम से रोगियों की जाँच कर हजारों लोगों में प्रारंभिक स्तर पर समस्या का चिन्हांकन कर समय से निदानात्मक कार्यवाही की जा सकती है। रीवा के सेवाभाव से कार्य करने वाले सक्रिय सामाजिक संगठन और संस्थाएं भी शिविर की सफलता के लिये सराहनीय योगदान दे रहे हैं। हम सब मिलकर यह प्रयास करें कि कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान हो जाए।

**रीवा में लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर**

**एक लाख व्यक्ति होंगे लाभान्वित**

उप मु यमंत्री ने कहा कि आगामी समय में स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से रीवा में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें एक लाख से अधिक व्यक्तियों की निन्शुल्क जाँच और उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रीवा को स्वस्थ और खुशहाल बनाएंगे।

**कैंसर संकेत एप से प्रारंभिक लक्षणों की सरलता से की जा सकती है जाँच**

उप मु यमंत्री ने कहा कि कैंसर रोगियों की पहचान के लिए लगाए जा रहे शिविरों में पहुंच कर आमजन अपनी जाँच कराएं। कैंसर रोग की पहचान के लिए कैंसर संकेत एप को अधिक से अधिक व्यक्ति डाउनलोड करें। ऐप में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की सरलता से जाँच की जा सकती है।

नगर निगम रीवा के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे, नोडल अधिकारी सोनाली देव, डीन मेडिकल कालेज रीवा डॉ. मनोज इंदुलकर, विभिन्न सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन, एसोसिएशन, जन अभियान परिषद तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्यतिथि पर किया स्मरण

## महान साहित्यकार किसी एक का नहीं पूरे राष्ट्र का होता है

सिवनी यशोः- सिवनी से गहरा नाता रखने वाली महान कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की 76 वीं पुण्यतिथि पर पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर्स और छात्र छात्राओं ने उत्साह से हिस्सा लिया और स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य में उनके अवदान का स्मरण किया।

कार्यक्रम के मु य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने कहा कि सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताएँ हमारी विरासत हैं। साहित्यकार किसी एक के लिए नहीं जीता, वह पूरे राष्ट्र का होता है। कहा कि 44 साल के अपने छोटे जीवनकाल में सुभद्रा जी ने महान साहित्य रचा है। बताया कि 'झाँसी की रानी' के अलावा 'वीरों का कैसा हो वसंत' कविता सुभद्रा कुमारी चौहान की सबसे लोकप्रिय रचना है। कहा कि युवा पीढ़ी को सुभद्रा कुमारी चौहान का साहित्य पढ़ना चाहिए।

बतौर विशेष वक्ता डॉ अरविंद चौरसिया ने कहा कि सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताएँ हमेशा प्रासंगिक रहेंगी। कहा कि उनकी कविताएँ आज भी हमें देशभक्ति की सीख देती हैं।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने कहा कि सिवनी से सुभद्रा कुमारी चौहान का गहरा नाता था। स्वाधीनता संघर्ष के दौरान सिवनी में उन्होंने आज़ादी के आंदोलन को आगे बढ़ाया था। बताया कि दुखद संयोग है कि उन्होंने अपनी अंतिम साँस सिवनी के गाँव कलबोड़ी में ली। कहा कि उनकी रचनाएँ बचपन को शुद्ध, यौवन को प्रबुद्ध और हमारे जीवन को सिद्ध करतीं हैं।

कार्यक्रम में डॉ. ज्योत्सना नावकर, प्रो. ज्योति गजभिये, डॉ. शशिकांत नाग, डॉ. रघुनाथ नागले, डॉ रत्नेश सैनी, एल्युमनी शिव कुमार यादव, हिंदी परिषद की अध्यक्ष शुभम कुमारी यादव, अमितोष सनोडिया, डॉ सुनीता साकेत समेत बड़ी सं या में पीजी तथा यूजी कक्षाओं के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# वाहन अनुबंध प्रक्रिया निरस्त

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी कार्यालय में वाहन अनुबंध हेतु संवाद कुंज सिवनी द्वारा 02 मार्च 2023 को विज्ञप्ति जारी की गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

# लघु वनोपजों के निर्यात के लिये आदिवासी बहुल जिलों को जल्दी मिलेगा जैविक प्रमाण-पत्र

**वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने औपाचारिकताएं पूरी करने के दिये निर्देश**

भोपाल । लघु वनोपजों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये आदिवासी बहुल जिलों को जल्द ही जैविक प्रमाण-पत्र मिलेगा। वन मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने इसके लिये सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिये उन्हें संबल योजना में शामिल किया गया है।



तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े जनजातीय परिवारों की आर्थिक सुरक्षा के लिये तेंदूपत्ता संग्रहण दर 3000 रूपये प्रति मानक बोरा से बढ़ा कर 4000 रूपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है। वर्ष 2003 में संग्रहण दर 400 रूपये प्रति मानक बोरा थी। इस निर्णय के परिणामस्वरूप संग्राहकों को लगभग 560 करोड़ रूपये का संग्रहण पारिश्रमिक के रूप में वितरित किया गया है।

संग्रहण पारिश्रमिक के साथ-साथ तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त शुद्ध लाभ भी संग्राहकों के साथ बांटा जाता है। यह लाभांश भी बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2003 में जहाँ शुद्ध लाभ का 50 प्रतिशत अंश संग्राहकों को बोनस के रूप में वितरित किया जाता था, अब 75 प्रतिशत भाग बोनस के रूप में संग्राहकों को वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2002-03 में वितरित बोनस की राशि 5.51 करोड़ रूपये थी जबकि वर्ष 2022-23 में वितरित बोनस की राशि 234 करोड़ रूपये है।

वर्तमान में लगभग 15 लाख परिवारों के 38 लाख सदस्य लघु वनोपज संग्रहण कार्य से जुड़े हैं। इनमें 50 प्रतिशत से ज्यादा जनजातीय समुदाय के हैं। उनहें बिचौलियों के शोषण से बचाने और उनकी संग्रहित लघु वनोपज का लाभ दिलाने के लिए सहकारिता का त्रिस्तरीय ढांचा बनाया गया है। इसमें प्राथमिक स्तर पर 15.2 लाख संग्रहणकर्ताओं की सदस्यता से बनायी गयी 10 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां है। द्वितीय स्तर पर 51 जिलों में जिला स्तरीय यूनियन तथा शीर्ष स्तर पर म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ कार्यरत है।

कोरोना काल में भी तेन्दूपत्ता संग्राहकों को परिश्रमिक 397 करोड़ रूपये एवं 415 करोड़ रूपये भुगतान किया गया। पिछले 10 सालों के 2000 करोड़ रुपये संग्राहकों को (बोनस) प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में दिये जा चुके हैं।

तेन्दूपत्ता श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिये 2011 में ÷एकलव्य वनवासी शिक्षा विकास योजना÷ प्रारंभ की गयी। मेधावी बच्चों को सहायता राशि दी जाती है। अभी तक 15,026 छात्रों को 14 करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि दी जा चुकी है।

वर्ष 2004-05 में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र बरखेड़ा पठानी की स्थापना की गई थी। इसे लघु वनोपज आधारित 840 औषधियां बनाने का लाईसेंस मिला है और 350 औषधियों का निर्माण किया जा रहा है।

लघु वनोपज संग्राहकों को वनोपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु राज्य शासन द्वारा 32 प्रमुख लघु वनोपजों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी घोषित किया गया है ताकि यदि बाजार में उचित मूल्य न हो तो संग्राहक को वनोपज का उचित मूल्य मिल सके। लघु वनोपज संग्राहकों की आय बढ़ाने के लिये प्रसंस्करण पर भी ध्यान दिया जा रहा है तथा प्रदेश में प्रधानमंत्री वन विकास योजना के तहत 126 वनधन केन्द्रों की स्थापना की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से लगभग 70 वन धन केन्द्रों द्वारा प्रसंस्करण उत्पाद निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

पेसा कानून में 20 जिलों की 268 ग्राम सभाओं में वर्ष 2022-23 से पेसा नियमों के तहत संग्रहण के संकल्प प्राप्त हुए तथा संग्रहण वर्ष 2023-24 में 13363 मानक बोरा तेंन्दूपत्ता संग्रहित किया जाकर 7.19 करोड़ रूपये का व्यापार किया गया। इस प्रकार प्रथम वर्ष के अनुभव से ग्राम सभाओं को लघु वनोपज व्यापार का अनुभव प्राप्त हुआ, तेंदुपत्ता संग्रहण एवं विपणन हेतु आत्मविश्वास मिला तथा इस वर्ष 229 ग्राम सभाओं द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ हुआ।

# मण्डी व्यापारियों को 30 वर्ष तक की अवधि के लिये मिलेगा लायसेंस - कृषि मंत्री

## मण्डी व्यापारियों को मिली राहत, निर्देश हुए जारी

भोपाल । प्रदेश के मण्डी व्यापारियों को अब 30 वर्ष तक की अवधि के लिये लायसेंस मिलेगा। मण्डी व्यापारियों की फीस में भी कमी की गई है। इससे प्रदेश के मण्डी व्यापारी लाभान्वित होंगे। इस संबंध में मण्डी बोर्ड से जारी आदेश 24 फरवरी, 2024 से प्रभावी होगा।किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री सह अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड श्री ऐदल सिंह कंषाना के निर्देश पर मण्डी व्यापारियों के लायसेंस की अवधि को बढ़ाने संबंधी निर्देश जारी कर दिये हैं। प्रदेश की 259 मण्डी समितियों द्वारा व्यापारियों को दी जाने वाली अनुज्ञप्ति लायसेंस की अवधि 5 वर्ष से बढ़ाकर 30 वर्ष कर दी गई है। सभी मण्डी समितियों को अधिनियम की धारा-81 के तहत मण्डियों में प्रवृत्त उप विधि में 23 फरवरी, 2024 तक आवश्यक संशोधन करने को कहा है। उन्होंने बताया है कि निर्धारित दिनांक तक संशोधन नहीं होने पर आदेश स्वत- 24 फरवरी से लागू हो जायेगा। मण्डी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री श्रीमन शु ला ने बताया है कि नवीन जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश के 65 हजार से अधिक व्यापारियों को प्रत्येक 5 साल में लायसेंस नवीनीकरण कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया है कि लायसेंस फीस में भी बदलाव किये गये हैं। वाणिज्यिक (द्वितीयक) संव्यवहार के लिये व्यापारी लायसेंस फीस को 25 हजार से घटाकर 5 हजार रुपये किया गया है। प्रसंस्करणकर्ता विनिर्माता के लायसेंस पर लगने वाली एक लाख रुपये की प्रतिभूति राशि को भी समाप्त कर दिया गया है। शासन द्वारा लिये गये निर्णयों से मण्डी व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है।

# सिकलसेल एवं टीबी उन्मूलन के लिए सभी मिलकर प्रयास करें -राज्यपाल पटेल

**राज्यपाल श्री पटेल की उपस्थिति में हुआ स्वास्थ्य शिविर**

भोपाल । सिकलसेल एनीमिया की बीमारी अनुवांशिक होती है और यह आदिवासी समाज में बहुतायत में पायी जाती है। इसी प्रकार आदिवासी समाज में टीबी के मरीज भी अधिक सं या में पाये जाते हैं। इन बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाकर इनका उन्मूलन करने की आवश्कता है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा। यह बातें राज्यापाल श्री मंगुभाई पटेल ने खरगोन में सुशीला देवी उमराव सिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर में कही।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मैं वहां अवश्य जाता हूँ। जहां दीन दुखियों की सेवा की जाती है। क्षेत्रीय सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा अपनी माता के द्वारा प्रारंभ किये गए संस्थान के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जनसेवा का अच्छा काम किया जा रहा है। इस शिविर में युवाओं द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। रक्तदान, महादान है जो दूसरे की जान बचाने के काम आता है। युवा अधिक से अधिक सं या में रक्तदान करने के लिए आगे आएं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि देश में 2025 तक टीबी रोग के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए निक्षय मित्र बनकर सहयोग किया जा सकता है। घर में टीबी का मरीज होनेपर उसके अलग रहने की व्यवस्था की जाए और 06 माह तक नियमित रूप से दवा का सेवन करने पर टीबी का मरीज ठीक हो जाता है।



सिकलसेल एनीमिया बीमारी की चर्चा करते हुए राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि यह एक अनुवांशिक बीमारी है और आदिवासी समाज में बहुतायात में पायी जाती है। इस बीमारी से बचने के लिए समय पर इसकी पहचान जरूरी होती है। उन्होंने कहा कि युवा शादी करने के पहले देख लें कि दोनों सिकलसेल से पीड़ित तो नहीं है। यदि लड़का और लड़की दोनों को सिकलसेल की बीमारी है तो उन्हें आपस में शादी नहीं करना चाहिए। ऐसे जोड़े के विवाह करने से पैदा होने वाले बच्चें भी सिकलसेल से ग्रसित होते हैं। सरकार ने वर्ष 2047 तक सिकलसेल निर्मूलन का लक्ष्य रखा है। राज्यपाल ने श्रीअन्य सिकलसेल के मरीजों से कहा कि ज्यादा तैलीय पदार्थ न खाएं और बाहर को भोजन न खाएं, बल्कि घर पर ही मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करें। भारत सरकार ने ÷मिलेट÷ (मोटा अनाज) के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है।

**दिव्यांग प्रमाण-पत्र वितरित**

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल द्वारा सिकलसेल के मरीजों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं टीबी मरीजों को पोषण आहार का वितरण किया गया। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया और रक्तदान करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया।

**खरगोन कैलेण्डर का अनावरण**

राज्यपाल श्री पटेल ने जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा तैयार किये गए खरगोन जिले के कैलेण्डर का विमोचन किया। इसमें खरगोन जिले के ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों को दर्शाया गया है।

**धनुष बाण भेंट किया गया**

स्थानीय सांसद श्री पटेल द्वारा राज्यपाल श्री पटेल को पारंपरिक जैकेट पहनाकर पार परिक धनुष बाण स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। कार्यक्रम में अरविंदो हॉस्पीटल इंदौर के चैयरमेन डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि इस शिविर में उनके संस्था के चिकित्सकों द्वारा सिकलसेल, थायराईड, एनीमिया के साथ ही केंसर जांच की भी व्यवस्था की गई है। उनकी संस्था द्वारा बच्चों में सिकलसेल एनीमिया की पहचान के लिए कोमल स्पर्श नाम से एक अभियान भी प्रारंभ किया गया है। उनके संस्थान द्वारा घर-घर जाकर कैंसर जांच का अभियान भी चलाया जा रहा है।

खरगोन-बड़वानी सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, रतलाम-झाबुआ सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, धार-महु सांसद श्री छतरसिंह दरबार, खण्डवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, बेतुल-हरदा सांसद श्री दुर्गादास उईके, खरगोन विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, बड़वाह विधायक श्री सचिन बिरला, पानसेमल विधायक श्री श्याम जी बर्डे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, कले टर श्री कर्मवीर शर्मा, एसपी श्री धर्मवीर सिंह अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग जांच दल द्वारा दुग्ध का लिया गया गुणवत्ता जांच हेतु नमूना



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न खाद्य पदार्थों के जांच हेतु नमूने लिए जा रहे हैं एवं खाद्य पदार्थों के अमानक पाए एवं नियमों का उल्लघंन करने वाले व्यवसायियों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में श्याम दूध कले शन (कुंछल ट्रेडर्स) सिवनी से दूध अलग-अलग सैंपल गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए।

# लेदर उद्योग राज्यस्तरीय कार्यशाला 19 फरवरी को ग्वालियर में

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि पीसीबीआई वर्टीकल में लेदर उद्योग के अंतर्गत सोमवार 19 फरवरी को दोपहर 3.00 बजे से राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के सभागार में किया जाना है।

# प्रधानमंत्री जन मन योजना के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कले टर सिंघल ने किया अवलोकन





**विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों एवं परिवारों का शीघ्र सर्वे करने के मैदानी दल को निर्देश**

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में प्रधानमंत्री जन मन योजना के क्रियांवयन को विकासखण्डवार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित ग्रामों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कले टर श्री क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सिवनी एवं छपारा विकासखण्ड में आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए।

कले टर श्री सिंघल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि प्रधानमंत्री जन मन योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य से विशेष पिछड़ी जनजातीय आबादी वाले ग्रामों में अधोसंरचना विकास एवं बुनियादी सुविधाओं तथा विशेष पिछड़ी जनजातीय को पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि कहा कि जिले में प्रारंभिक रूप से 83 ग्राम चिन्हांकित किए गए हैं, जिनमें बैगा एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजाति निवासरत हैं। प्रशिक्षण उपरांत सर्वे दल द्वारा ग्रामों का निरीक्षण कर बुनियादी अद्योसंरचना के कार्य जैसे सड़क टेलीकॉम कर्नो टविटी (मोबाइल/ इंटरनेट), स्कूल, आंगनवाडी, स्वास्?थ्?य केन्द्र, पेयजल सुविधा, ड्रेनेज एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कौशल विकास, सामुदायिक वन विकास, वन धन योजना एवं जल संसाधनों का संरक्षण की व्यवस्था के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सर्वे दल व्यक्तिगत रूप से पिछड़ी जनजातीय परिवारों से संपर्क करें तथा देखे कि, ` या परिवार को पात्रतानुसार सभी योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने सर्वे दलों को मोबाइल एप के संचालन, रिपोर्टिंग के साथ साथ की जाने वाली सभी कार्यवाही संदर्भ में प्रशिक्षण प्राप्त कर आगामी पांच दिवस के भीतर सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यवाही में किसी भी प्रकार की चूक न हो, कोई भी परिवार सर्वे से न छूटे।

# सिवनी के सुदूर दुर्गम आदिवासी बहुल 15 ग्रामों के परिवारों को मिल रहा नल से जल

## जल जीवन मिशन के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं जल सखियां

भोपाल । जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार की एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी। योजना का मु य उद्देश्य देश के सभी दूर-सुदूर ग्रामों में प्रत्येक घर में नल से शुध्द पेय जल की आपूर्ति करना है। जिसे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार मिलकर मूर्त रूप दे रही है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले में भी विकासखंडवार एकल एवं समूह नल-जल योजनाएं संचालित हैं। जनपद पंचायत घंसौर के 15 ग्रामों में %%झुरकी ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना%% से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। सभी 15 ग्राम भौगोलिक स्थिति अनुसार अत्यंत ऊँची-नीची पहाड़ी के बीच में बसे हुए हैं जिनमें अधिकांश ग्राम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। नर्मदा नदी के जल का शोधन कर हर-घर तक शुध्द पेय जल पहुँचाया जा रहा है।


झुरकी ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना के बेहतर संचालन में ग्राम की स्वसहायता समूह की महिलाओं ÷जल सखी÷ का भी महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। जल सखियों ने घर-घर जाकर जल की उपयोगिता एवं शुद्धता के बारे में जानकारी देकर प्रत्येक घर से जलकर जमा करने का कार्य किया जा रहा है। योजना के बेहतर संचालन एवं आवश्यक संसाधनों की समय-समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये ÷जल सखी÷ ग्रामीणों से समय पर जलकर का भुगतान करने एवं योजना के संचालन में सहयोग प्रदान करने की अपील कर रही हैं। ÷जल सखी÷ जल निगम के अधिकारी व कर्मचारियों से निरंतर स पर्क में रहती हैं। ÷जल सखी÷ द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के साथ जलकर जमा किये जाने के लिये अनुबंध स पादित कर जलकर जमा करने की कार्यवाही की जा रही है।

# वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में बारापत्थर सिवनी स्थित वृद्धाश्रम में शुक्रवार 16 फरवारी को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री विकास शर्मा ने वृद्धजनों को नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना 2016 की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ उनसे उनकी समस्यायें पूछीं तथा वृद्धाश्रम स्टॉफ को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये।

# किसान की तैयार फसल को जंगली जानवर ने किया तहस नहस

**वन विभाग और तहसीलदार को किसान ने दिया आवेदन राजस्व विभाग से की हर्जाने की मांग**



छपारा यशोः- तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम अंजनिया बिहिरिया के किसान विजय पिता थानसिंह डेहरिया ने खेत में लगाई गई गेंहू की लगभग तैयार फसल को जंगली सुकरो द्वारा बर्बाद करने पर हुए नुकसान को लेकर गत दिवस किसान द्वारा छपारा तहसीलदार सहित वन विभाग में भी आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।

विजय डेहरिया द्वारा अपने आवेदन में बताया गया कि वह छपारा तहसील अंतर्गत अंजनिया का निवासी हैं वही उसके द्वारा ग्राम अंजनिया की ही प.ह.न. 47, रा.नि.म. छपारा, में स्थित भूमि खसरा न. 249/2, रकवा 0.53,हे0 भूमि जो की वर्तमान राजस्व दस्तावेजो में राधेलाल पिता कलीराम मेहरा के नाम पर दर्ज है।मेरे द्वारा उक्त भूमि ठेके पर ली गई है उक्त कृषि भूमि में वर्तमान समय में गेंहू कि फसल लगी हुई थी जिसमे गत दिनों 13 फरवरी को जंगली सुअर के द्वारा उक्त भूमि के स पूर्ण रकवे पर लगी गेंहू कि फसल तहस नहस कर दी गई। फसल इतनी जबरदस्त तरीके से जंगली सुअरो द्वारा बरबाद की गई की उससे अब लागत निकालना भी मुश्किल है।वही उसके द्वारा उक्त कृषि भूमि ठेके पर ली गई है इस कारण लागत और बढ़ जाती हैं।

साथ ही शासन से गुहार लगाते हुए किसान ने कहा कि उक्त वर्णित खसरा न0 कि भूमि में लगी फसल को जगंली सुअरो द्वारा पूर्णरूप से गेंहू कि फसल नष्ट कर दी गई है। जिससे मुझे अत्याधिक आर्थिक क्षति हुई है, वही आगे जानकारी देते हुए बताया कि ठेके पर ली गई भूमि के अलावा जीविकोपार्जन का अन्य कोई साधन नहीं है। उक्त फसल से प्राप्त आय से ही वर्ष अपने परिवार का भरण पोषण करता हूँ लेकिन फसल नष्ट हो जाने के कारण मेरे समक्ष अपने जीविकोपार्जन कि समस्या उत्पन्न हो गई है।

अतः छपारा तहसीलदार से निवेदन करते हुए कहा कि भूमि पर लगी स पूर्ण रकवे कि फसल नष्ट हो गई है अतः पटवारी द्वारा सर्वे कराकर मुआवजा राशि प्रदान किये जाने कि मांग की है।

# संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए अपने शिशुओं को सरस्वती शिशु मंदिर में प्रवेश दिलाएँ – अनिल चंद्रवंशी

**''विद्यारंभ संस्कार सानंद संपन्न''**

**''अनेक शिशुओं ने प्रारंभ की शिक्षा यात्रा''**




सिवनी यशोः- सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में मां सरस्वती की आराधना के पर्व बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन अत्यंत गरिमापूर्ण, दैवीय, अलौकिक वातावरण में किया गया। 3 वर्ष से 6वर्ष तक की आयु वाले उन शिशुओं जिनकी शिक्षा का विधिवत शुभारंभ नही हुआ है, उनके लिए विद्यारंभ संस्कार का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में किया गया। सैकेड़ो की सं या में नन्हें-मुन्ने शिशुओं का प्रवेश एवं शिक्षा का विधिवत शुभारंभ हुआ। बसंत पंचमी उत्सव के इस आयोजन के मु य अतिथि श्री अनिल जी चंद्रवंशी(सह प्रांत कार्यवाह) रहे। जबकि आयोजन की अध्यक्षता विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक साहू नेकी। इस अवसर पर अशोक बघेल(विभाग कार्यवाह), विनीत अग्रवाल(जिला सचिव विद्याभारती सिवनी), चुन्नीलाल बोपचे(विभाग समन्वयक), गंगाराम चंद्रवंशी (सेवानिवृत्त टी.आई), नूपेश ठाकुर(उपाध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति), नितिन चौधरी(व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी), कृष्णा साहू(पूर्व व्यवस्थापक), मनोज मर्दन त्रिवेदी(कोषाध्यक्ष), रामसिंह सनोडिया(वरिष्ठ सदस्य), डॉ दिनेश शर्मा(वरिष्ठ चिकित्सक) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आयोजन में सहभागी रहे।

आयोजन का शुभारंभ वीणावादिनी की वंदना एवं दीप मंत्र से हुई। अतिथि परिचय पाली प्रमुख श्री प्रमोद सोलंकी ने दिया। समस्त मंचासीन अतिथियों का स्वागत प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव, श्री प्रकाश गुप्ता, श्री कृष्ण मुरारी दुबे, श्री अनिल नाविक ने किया। इस आयोजन में विद्यालय के भैया/बहिनों ने माँ सरस्वती की आराधना के मनमोहक नृत्य के साथ अनेक सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने उद्बोधन में मु य अतिथि प्रांत सहकार्यवाह श्री अनिल चंद्रवंशी जी ने चरित्र निर्माण करने वाली शिक्षा को सर्वोपरि बताते हुए लोगो से अपने बच्चों को शिशु मंदिर में प्रवेश कराने का आव्हान किया। आयोजन की सफलता में समस्त आचार्य परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बसन्त पंचमी पर एस. एस. सी. महाविद्यालय में हुयी काव्य गोष्ठी



सिवनी यशोः- जिला साहित्य मंच सिवनी के तत्वाधान में बसन्त पंचमी के अवसर पर माँवीणा पाणी सरस्वती माता की पूजा एवं आराधना का आयोजन किया गया इस अवसर पर काव्य गोष्ठीका आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी उर्दू के कवि शायर शामिल हुए। कवियों में घंसौर से अजय बोपचे मेहता से एस एन दश हरिया वरघात से वीरेश तिवारी राजेन्द्र तिवारी, सिवनी से वरिष्ठ काव रमेश श्रीवास्तव चातक जगदीश तपिश डा. राम कुमार चतुर्वेदी योगेश योगी, सतीष मिश्रा शायर सूफी रियाज निदा शहनवाज़ कुरैशी सहित कवियित्री अ बिका शर्मा शामिल भी कार्यक्रम का संचालन संजय जैन संजू ने किया।

कार्यक्रम के दौरान डा. आर के चतुर्वेदी ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि-शब्दों की है भूल भुलैय्या, भावों का है, मंथन, गीत लाने गाने निकले करा रहे है नर्तन । घसौर के अजय बोपचे ने कहा- माँ। छोड़ कर गयो, खददर बिस्तर फूटे वर्तन हम बहनों में उम्र का अन्तर. इसी कड़ी में रमेश श्रीवास्तव चातक ने कहा-घर में नहीं जो कंत तो कैसा बसन्त है घर में है अगर कंत्त तो समझो बसन्त है जगदीरा तपिश ने कहा- चाँद से मांग ली थोड़ी सी चोदनी उसने, सुबह उठते ही सूर्ज से ऊजाला माँगा. मेहताधिसौर के साहिब या ने कहा- गायन वाचन संचालन पर किरपालेरी लाब दशरिया ने बनी रहे दया दृष्टि हम पर हो चाहे चादर तनी रहे।

इसी कड़ी को आगे बढाते हुये अ बिका शर्मा ने कहा- प्रीतकी रीत है अब कहीं ही रहे बोल दोगे तो अफसाना हो जायेगा. बरघाट के बीरेन्द्र तिवारी ने कहा- आया वसन्त छाया बसन्त, चहू दिशि फैली अमृत, राजेन्द्र तिवारी ने कहा सुनो जी आज वेलेंटाइन है, आज मौसम फाइन है, योगेश योगी ने कहा- मौत के शिवा बता हकीकते या है, में डूबस तेरा और गनीमत` या है। शायर सूफी रियाज निदा ने कहा-जब खबर आयी उनके आने की, फिक्र भी अपना घर सजाने की शहनवाज कुरैशी ने कहा- न त तो ताज न कोई, जागीर मांगी थी। मैंने तो बस तेरी तुझसे तस्वीर मागी थी, संजय जैन संजू ने इस अवसर पर गीत में कहा- बस दूर से ही सबको लुभाते है नेताजी, लेकिन ना कभी पास बुलाते है नेताजी, जंगल है भीड़ का इसी में भेडिये भी है, भोले हिरण शिकार फँसाते है नेताजी. कार्यकम के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चन्देल एवं एडवोकेट अखिलेश यादव अन्नपूर्ण मिश्रा देवी सिंह निर्मलकर, तेजस्व तिवारी, श्री नायक सहित अनेक लोगों की उपस्थिति में साहित्यकारों का स मान किया गया।

# लोक सेवा केंद्र की हुई शिकायत,

**शासन द्वारा आवेदन फार्म की व्यवस्था निःशुल्क है, आवेदक हो रहे परेशान**

सिवनी यशोः- जाति, आय ,मूल निवास , नकल इत्यादि निश्शुल्क आवेदन पत्र की छाया प्रति आवेदकों द्वारा ही बाहर संचालित फोटो कॉपी की दुकानों से मंगाई जाती है एवं आवेदनों की रसीदे समय पर नही काटने एवं अनावश्यक रूप से आवेदकों को परेशान करने के संबंध में शिकायतकर्ता प्रवीण मरकाम द्वारा सिवनी जिला कले टर को एक लिखित शिकायत की गई है साथ ही मु यमंत्री मप्र शासन को एक प्रतिलिपि भी दी गई है।

शिकायत पत्र में बताया गया कि आमजन की सुविधा के लिए वैधानिक प्रावधान के अंतर्गत लोकसेवा केंद्र में नकल आवेदन फार्म, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं नकल के आवेदन निश्शुल्क प्रदान किये जाने की व्यवस्था मप्र शासन द्वारा की गई है परन्तु लोकसेवा केंद्र के कर्मचारियों द्वारा जबरन उक्त सभी फार्म के फीस के नाम पर रूपये वसूले जाते है साथ ही समय पर नकल प्राप्त करने के लिए रसीद समय पर उपलब्ध नही हो पाती है एवं 1 माह की समय सीमा देने के बाद आवेदकगणों को बेवजह परेशान होना पड़ता है।

शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि लोक सेवा केंद्र के द्वारा बार-बार आवेदकगणों से चक्कर लगवाये जाते है कि नकल एक माह बाद आपको जो तिथि मिली है उसके अनुसार नकल या फिर अन्य कोई दस्तावेज केंद्र से उपलब्ध हो पायेंगे।

शिकायत पत्र में जिला कले टर से शिकायतकर्ता ने मांग की है कि लोक सेवा केंद्र में पदस्थ कर्मचारियों एवं मु य लोक सेवा प्रबंधक व संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध अनुशासनात्मक वैधानिक कार्यवाही किया जाकर आम नागरिकों को सुविधा प्रदान कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान करें।

# सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति समारोह धूमधाम से मनाया गया




***सुभद्रा जी का व्यक्तित्व बहुत विराट था इसे शब्दों में बांध पाना कठिन है -डॉ आर एस नाग**

***सुभद्रा जी ने यहां अंतिम सांसें ली है यह स्थान तीर्थ के समान पवित्र है -प्रोफेसर सत्येंद्र शेंडे**

***मैं अपने जीवन पर्यंत कार्यक्रम का आयोजन करता रहूंगा -मोहन सिंह चंदेल**

***कवि स मेलन प्रकरण की पैरवी करने वाले अधिवक्ता डी आर वाघमारे एवं भूपेंद्र ठाकुर का भी स मान किया गया**

कलबोडी यशोः- महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्र यात कवियित्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान जी की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष सुभद्रा स्मारक कलबोड़ी में आयोजित होने वाला स्मृति समारोह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथि गणों ने सुभद्रा जी के स्मारक पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की तदुपरांत ग्राम कलबोड़ी एवं ग्राम बिहिरिया के प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बड़े ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये। तदोपरांत उपस्थित अतिथि विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किया इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य डा आर एस नाग ने कहां की सुभद्रा कुमारी चौहान जी का व्यक्तित्व इतना व्यापक था कि उसे शब्दों में बांध पाना कठिन है वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तो थी ही साथ में वे राष्ट्रीय चेतना की एक साहित्यकार भी थी। एक कुशल गृहणी के रूप में उन्होंने अपने बच्चों की अच्छी तरह से परवरिश भी की थी। श्री नाग ने इस अवसर पर सुभद्रा जी रचित वीरों का कैसा हो बसंत नामक कविता की कुछ पंक्तियां भी उद्रत की उन्होंने सुभद्रा कुमारी स्मृति मंच के अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल सहित समस्त सदस्यों को साधुवाद दिया कि वह सुभद्रा जी की स्मृति को जन-जन तक फैलाने का कार्य कर रहे हैं। महाविद्यालय सिवनी के हिंदी विभाग के प्रोफेसर श्री सत्येंद्र शेंडे ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां पर नदियां निकलती हैं वह स्थान तीर्थ बन जाता है। सुभद्रा जी ने भी जन्म गंगा जी के तट पर इलाहाबाद में लिया और उन्होंने अपनी कर्मभूमि नर्मदा के तट जबलपुर को बनाया और उन्होंने अंतिम सांस मां बैनगंगा के तट पर ली है इसलिए यह स्थान भी तीर्थ बन गया है। श्री शेंडे ने भी मंच के सभी साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में स्मृति समारोह के बारे में बताते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच के अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल ने कहा कि अपने विद्यार्थी जीवन में ही उन्हें सुभद्रा जी के नागपुर से सिवनी आते समय कलबोड़ी ग्राम में दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई थी तभी से उनकी स्मृति में कार्यक्रम आयोजित करने लगे थे बाद में जनपद अध्यक्ष बनने के उपरांत इस स्थान पर उनका स्मारक बनाया गया है तब से प्रतिवर्ष इस स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। श्री चंदेल ने कहां की वे अपने जीवन पर्यंत सुभद्रा जी के इस कार्यक्रम को आयोजित करते रहेंगे। उन्होंने नवयुवकों से आवाहन किया कि वह इस कार्य में आगे आए और हाथ बटाएं। श्री चंदेल ने यह भी बताया कि आगामी दिनों में जिला प्रशासन की अनुमति एवं समस्त साहित्य जगत से जुड़े हुए साथियों से चर्चा कर अखिल भारतीय कवि स मेलन आयोजित किया जावेगा। श्री के सी राउर बापू एवं गूंज संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये ।

एडवोकेट डीआर वाघमारे एवं एडवोकेट भूपेंद्र ठाकुर को विगत कवि स मेलन प्रकरण में मोहन चंदेल एवं साहित्यकारों की ओर से पैरवी कर प्रकरण में जीत दिलाने हेतु मंच द्वारा स मानित किया गया।

तदुपरांत उपस्थित कवि गणों ने अपनी ओर से काव्यांजलि प्रस्तुत की।सर्वप्रथम अंबिका शर्मा ने पढ़ा आंख नम हो गई नमन के लिए धूल धरती की चुनली शयन के लिए आसमा में तिरंगा लहराता रहे जान दे दी जिन्होंने वतन के लिए राजेंद्र कुमार तिवारी प्रेम पुजारी ने पढ़ा रार राम पर काहे कर रये अपजस गठरी काहे धर रए काहे कह रये राम कल्पना राम के नाम पर झोली भर रये नगर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ टर रामकुमार चतुर्वेदी ने पढ़ा राम धैर्य है सत्य प्रेम के राम मधुर रस बोली है राम राम में रम जाते जो रामलला की टोली है वरिष्ठ साहित्यकार श्री रमेश श्रीवास्तव चातक ने पढ़ा नौजवान के सीने में इंकलाब पलते हैं वह जहां भी चलते हैं रास्ते भी चलते हैं। श्री जगदीश तपिश ने पढ़ा ताजुब नहीं मुझे उनके बदले जाने पर ताजुब तो उन्हें है हमारे गिर के संभल जाने पर आज न जाने यों जमाना उन पर हंस रहा है कल हंस रहे थे जो हमारा पांव फिसल जाने पर। अब्दुल कलाम अंसारी ने पढ़ा वतन से प्यार भी हु में रसूल है नफरत हो दूर देश में अमनो अमान हो कुरई के वरिष्ठ गीतकार श्री भारत बटोही ने पढ़ा की जाने वाले देख यहां से धीरे जाना कितना ही ऊंचा हो अपना सर झुकाना। सुरेंद्र सिसोदिया अनुज ने पढ़ा दूल्हा बन कश्मीर खड़ा है दुल्हन होए पड़ोस की तुमसे कीमत मांग रही है मां सुभाष चंद्र बोस की। कार्यक्रम का संचालन मंच के सचिव श्री सुरेंद्र सिसोदिया अनुज ने किया एवं आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत कलबोड़ी के सरपंच नरेश तेकाम ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षाविद श्री दुर्गा शंकर श्रीवास्तव पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आशा चंदेल श्रीमती जानकी सिसोदिया पीजी कॉलेज हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ सविता मसीह वनस्पति विज्ञान की एचओडी डॉ सीमा भास्कर क्रीड़ा अधिकारी श्री के सी बापू राउर राजनीति विज्ञान विभाग से श्री दिनेश वर्मा श्री शिवकुमार यादव श्री अमितेश सनोदिया श्रीमती सुनीता साकेत सुश्री छाया राय श्री अरविंद सिंह राजपूत श्री शकरवार जी श्री राजेश चौहान श्रीमती सविता गौतम एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष श्री धनंजय सिंह ग्राम के मुकदम श्री जीवन सिंह चंदेल श्री हरि सिंह सनोदिया श्री शोभाराम साहू श्री तोशू सनोदिया श्री पंकज मिश्रा श्री भारद्वाज जी शिक्षक सहित अन्य अध्यापक गण व मारुति नर्सिंग इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राएं व अध्यापक सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कले टर ने किया मेडीकल कॉलेज के प्रारंभ हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मेडीकल एजुकेशन तथा भवन निर्माण कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ मेडीकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय में बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मेडीकल कॉलेज के प्रारंभ हो रहे निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान कले टर ने निर्देशित किया कि निर्धारित ड्राईंग के अनुरूप लेआउट की कार्यवाही जल्द पूरी करते हुए कार्य गति प्रदान करें। इस संबंध में संबंधित विभाग आपस में बेहतर समन्वय करें। जिला चिकित्सालय में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट के निरीक्षण के दौरान कले टर ने निर्देशित किया कि कार्य में गुणवत्ता तथा समय सीमा पर ध्यान रखें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में मेटरनिटी वार्ड के विस्तारीकरण तथा अतिरिक्त वार्डों के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

## हनुमान लीला एवं भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ
### रपटाघाट में आयोजित हुआ निर्झरणी महोत्सव



मंडला यशोः- माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर रपटाघाट में निर्झरणी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन तथा संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पवित्र माँ नर्मदा के धन्यता के इस उत्सव में संस्कृति विभाग तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर विधायक बिछिया नारायण सिंह पट्टा, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, उपाध्यक्ष नगरपालिका अखिलेश कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा तथा बड़ी सं या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग की ओर से आए कलाकार नीता वर्मा एवं साथी छिंदवाड़ा द्वारा श्री हनुमान लीला का नाट्य प्रदर्शन किया गया एवं आतिषी तिवारी रीवा द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बसनी मवई से आए कलाकारों द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्थानीय कलाकार अवनि वर्मा ने पारंपरिक लोकगीत, लवी बरमैया ने नर्मदा भजन, अदिति हरदहा ने पारंपरिक नृत्य, रानू चंद्रौल ने कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रियल हरदहा, मुस्कान खत्री, मुस्कान चौरसिया द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। श्याम बैरागी ने शासन की योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य सामाजिक विषयों पर कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## राम भक्तो की टोली रामलला के दर्शन के लिए हुई रवाना
### नगर से 13 सदस्यीय कार सेवकों दल जा रहा अयोध्या



छपारा यशोः- नगर के राम भक्तों की तेरह सदस्यों की टोली16 फरवरी को दोपहर 3 बजे नगर से रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुये। नगर के सनातन धर्म ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल एवं सदस्यों के द्वारा स मान पूर्वक विदाई की गई। ज्ञात हो कि उक्त जत्थे में उस समय के कारसेवक भी शामिल हैं जो छह दिसंबर उन्नीस सौ बानववे में भी गए थे अब अयोध्या में मंदिर के शुभारंभ होने पर दर्शन हेतु जा रहे हैं।नगर के इन भक्तो की टोली सुनील गोयल,सोहन कश्यप,प्रदीप जैन,किशोर सोनी, दिनेश सोनी,रामप्रसाद यादव, अमरलाल साहू,महेश पंजवानी, संतोष (रामजी) सोनी, प्रदीप अवधिया,नीरंजन रूनिझा,रामजी शर्मा,रूपराम कोष्ठ जैसे तेरह सदस्यों का दल शुक्रवार को अयोध्या के लिए धूमधाम से नगर वासियों की मौजूदगी में रवाना हुआ।

## राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन कार्यशाला 19 फरवरी को

मंडला यशोः- जिले में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय सिकलसेल पीओसीटी की विधि को समझने एवं जनजागरूकता हेतु कार्यशाला 19 फरवरी को दोपहर 12 बजे हॉटल एसएमजे महाराजपुर में आयोजित किया गया है।

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला यशोः- चरनसिंह ग्राम टिकरिया निवासी की 7 दिसंबर 2023 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में जुग्गोबाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## अमगंवा आश्रम ने मनाया नर्मदा जन्मोत्सव

मण्डला यशोः- मां नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर नर्मदा कुटी आश्रम ग्राम अमगंवा में दो दिवसीय अखंड श्रीराम धुन का आयोजन किया गया। 13 फरवरी को मां नर्मदा प्रतिमा की स्थापना की गई। वहीं 14 एवं 15 फरवरी को अखंड श्रीरामधुन का आयोजन हुआ और 16 फरवरी को हवन कन्या भोजन भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यहां आश्रम में दूर-दूर से धर्मप्रेमी पहुंचे जिन्होंने साध्वी माता के दर्शन करते हुए आर्शीवाद लिया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार परिषद के पदाधिकारी पहुंचे। जिन्होंने साध्वी माता से आर्शीवाद लेते हुए भंडारा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। यहां जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, दीपक कछवाहा, डॉ. मोहित साहू, आकाश रघुवंशी, राजा शु ला, राजीव अग्रवाल सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

## राजस्व अभियान अन्तर्गत समीक्षा बैठक 21 को

मण्डला यशोः- राजस्व अभियान की समीक्षा बैठक 21 फरवरी को कले टर डॉ. सलोनी सिडाना की अध्यक्षता में आयोजित की गई है जिसमें राजस्व अभियान अन्तर्गत समस्त घटकों की समीक्षा की जाएगी। जिला योजना भवन में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधित को वांछित जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## हायरसेकेण्डरी मु य परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों के आयोजित हुई

सिवनी यशोः- माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023-24 की परीक्षा जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 05.02.2024 से 05.03.2024 तक समय प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक आयोजित है। जिसमें दिनांक 17.02.2024 को हायरसेकेण्डरी विषय-इनफारमेटिक प्रें टस जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई, जिसमें कुल परीक्षार्थी दर्ज-288, उपस्थित-286, अनुपस्थित-02, नकल प्रकरण निरंक पाया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रुप से संचालित पाई गई।

## भागवत महापुराण का आयोजन खैरमाई मंदिर में

छपारा यशोः- शिव महापुराण कथा अमृत का 9 दिवसीय आयोजन आज जल कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है प्रथम दिन डुंगारिया छपारा स्थित खैर माई से जल कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ जो नगर के मु य मार्ग से होते हुए बस स्टेंड से शंकर मढिया होते हुए गोल्डन टेंपल मंदिर घाट से मां वैनगंगा का पूजन अर्चन करने के पश्चात कलश में जल भरकर और पुनः खैर माई मंदिर में समापन हुआ शिव महापुराण के कथा वाचक पंडित राममूर्ति आचार्य जी व्यास पीठ से महापुराण का रसपान भक्तो को कराएंगे।

## बी.आर.सी.सी. के रिक्त पदों के लिए जिलास्तरीय काउंसलिंग समिति की बैठक 23 फरवरी को

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में जिले में विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पूर्व में आयोजित पात्रता वरियता सूची अनुसार बी.आर.सी.सी. के रिक्त पदों के विरूद्ध शुकवार 23 फरवरी दिन को अपरान्ह 12:00 बजे जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी में जिला स्तरीय काउंसलिंग समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो शिक्षक सर्वशिक्षा अभियान मिशन अंतर्गत प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर चुके हैं, उन्हें पुनः प्रतिनियुक्ति पर आने हेतु न्यूनतम दो वर्ष का ÷कूलिंग ऑफ पीरियड% होना अनिवार्य होगा। ऐसे अ यर्थी जिनकी सेवाएं पूर्व में अनियमित्ता के कारण वापिस की गई थी, वे प्रतिनियुक्ति हेतु पात्र नही होगे यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जो लोकसेवक प्रतिनियुक्ति पर न होकर प्रभारी / कार्यानुमति के रूप में स्थानीय स्तर से की गयी व्यवस्था के तहत् बी.आर.सी.सी. / ए.पी.सी. के रूप में कार्यरत रहे हैं, उनके लिए भी ÷कूलिंग आफ पीरियड÷ न्यूनतम 32 वर्ष का होना अनिवार्य होगा। संबंधितों को सूचना पृथक से दी जा रही है। अ यर्थी अपने मूल दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथ में जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

## लखनादौन की विभिन्न पंचायतों में रोजगार मेले का आयोजन

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कले ?टर श्री क्षितिज सिंघल मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 20 फरवरी से 28 फरवरी 24 तक विकास लखनादौन स्थित विभिन्न पंचायतों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में वर्धमान यार्नस सतलापुर मंडीदीप जिला रायसेन द्वारा मशीन आपरेटर पद हेतु न्यूनतम 8 वीं पास से अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं / युवतियों का चयन किया जायेगा। उक्त संबंध में जानकारी के लिये भर्ती अधिकारी के मों नंबर 9753309959 पर संपर्क कर सकते हैं। जो नि नानुसार है- पंचायत भवन ग्राम नागरदेवरी में 20 फरवरी को, पंचायत भवन ग्राम गणेशगंज में 21 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम सिहोरा में 22 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम धूमा में 23 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम आदेगांव में 26 फरवरी, पंचायत भवन ग्राम दरगड़ा में 27 एवं पंचायत भवन ग्राम शिकारा में 28 फरवरी 2024 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## कान्हा से एक नर बाघ मुकुन्दपुर रवाना



बालाघाट । संजय टाईगर रिजर्व के दुबरी परिक्षेत्र से 13 जनवरी 2023 को एक नर बाघ कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला के मुक्की परिक्षेत्र स्थित घोरेला बाघ बाड़ा मे लाया गया था। बाघ के द्वारा मनुष्यों के समीप जाने एवं आहट मिलने पर तुरन्त समीप आकर मनुष्य के निकट रहने का प्रयास करने जैसा व्यवहार करने के कारण उसे मुक्त वन क्षेत्र में छोड़ा जाना सुरक्षित नही था। इसी कारण मु य वन्यजीव अभिरक्षक मप्र के द्वारा इसे महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव वाईट टाईगर सफारी एवं जू. मुकुन्दपुर सतना स्थानांतरित करने के आदेश दिये गये। जिसके फलस?वरूप कान्हा प्रबंधन द्वारा गुरुवार को प्रातः 7 बजे घोरेला बाघ बाडे मे पल रहे नर बाघ को महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव वाईट टाइगर सफारी एवं जू. मुकुन्दपुर सतना (मप्र) के लिये रवाना कर दिया गया है। इस बाघ को कान्हा टाईगर रिजर्व के वन्यप्राणी चिकित्सक एवं अधिकारियों द्वारा निश्चेत कर उसके शरीर के आवश्यक माप रिकार्ड तथा स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। यह स पूर्ण कार्यवाही कान्हा टाईगर रिजर्व क्षेत्र संचालक श्री एसके सिंह के मार्गदर्शन में स पन्न की गई।

## नगरपालिका द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा 2.0 शिविर का आयोजन हुआ



सिवनी यशोः-16 फरवरी को नगरपालिका सिवनी द्वारा विकसित भारत यात्रा 2.0 के अंतर्गत नगर के 2 स्थानो पर शिविर लगाये गये प्रथम शिविर 11 बजे डिसलरी मैदान संजीवनी ि लनिक सिवनी में तथा द्वितीय शिविर 02 बजे पुराना राजस्व कार्यालय सिवनी में लगाये गये। जिसमें सैकडो की सं या में लाभार्थी स मिलित हुए एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका के स्वास्थ्य सभापति राजिक अकील, पार्षद संजय भलावी राजेश यादव, रविशंकर गुड्डा भांगरे, श्रीमति रामकुमारी बरमैया, सुश्री साक्षी डागोरिया, नगर अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, रवि सैयाम, अतिथी के रूप में उपस्थित हुए, एवं अपने उद्बोधन में केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को बतलाई तत्पश्चात हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपना अनुभव साझा किया गया, तदोपरांत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में परियोजना अधिकाारी श्रीमति पूर्वी तिवारी, नगरपालिका अधिकारी आर.के. कुर्वेती, सिटी मिशन मैनेजर प्रवीण तिवारी, भीमराव बंसोड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने अपनी सेवाए दी।

## जनप्रतिनिधि और अधिकारियों में समन्वय आवश्यक - संजय कुशराम

**जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक संपन्न**



मण्डला यशोः- जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत संजय कुशराम ने कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों में समन्वय आवश्यक है। अधिकारी योजनाओं के प्रावधानों से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं तथा प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समुचित सहयोग प्राप्त करें। जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत कमलेश तेकाम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्तु झा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित समस्त जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष तथा सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में संजय कुशराम ने कहा कि जिला पंचायत की स्थायी समितियों की बैठक निर्धारित समय में आयोजित करें। बैठक में लिए गए निर्णयों का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित करें। विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने का प्रयास करें। अमृत सरोवर सहित अन्य विभागों द्वारा तैयार किए गए तालाबों का बेहतर व्यवसायिक उपयोग करें। स्व-सहायता समूहों को भी मत्स्य पालन व्यवसाय से जोड़ें। इस संबंध में उन्होंने विभिन्न स्तरों पर शिविर आयोजित करने की भी बात कही। श्री कुशराम ने कहा कि जिले में कृषि का रकबा बढ़ाने के लिए विस्तृत योजना तैयार करें। मत्स्य, आजीविका तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग विभागीय गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत सदस्यों का क्षेत्र भ्रमण कराएं। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**मनरेगा में जल संरचनाओं को प्राथमिकता दें**

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि गिरता जल स्तर चिंता का विषय है इसलिए मनरेगा के कार्यों में जल संरचनाओं को प्राथमिकता से शामिल करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न अवसरों पर लोगों को जल का महत्व बतलाते हुए उन्हें पानी की प्रत्येक बूंद बचाने के लिए प्रेरित करें। श्री कूमट ने मनरेगा के कार्यों में मानक प्रतिशत पालन करने की बात कही। इसी प्रकार उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को राशि का बेहतर उपयोग करते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।

## शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत स्व सहायता समूह की कार्यकर्ताओं का हुआ स मान
### शक्ति वंदन स्व सहायता समूह के शक्ति स मान समारोह में शामिल हुई कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके।




मंडला यशोः- भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शक्ति वंदन संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत स्व सहायता समूह की कार्यकर्ताओं का शक्ति स मान समारोह आयोजित हुआ, इस अवसर पर मंडला विधायक मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मातृ शक्तियों के समग्र विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश एवं केंद्र की सरकार ने नई योजनाएं जमीन पर लागू कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है । पंचायत स्तर पर महिला ग्राम संगठन भवन के लिए बारह लाख रूपए देने की योजना है कुछ ग्रामों में भवन हेतु राशि दी गई। कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिले में स्व सहायता समूह का बेहतर उपयोग कर रोजगार मुहैया कराने वाली संस्था प्रमुख का शाल श्रीफल भेंट कर स मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री श्री नेंद्र मोदी ने और प्रदेश के मु यमंत्री श्री मोहन यादव ने महिलाओं की हित में लिए अनेक क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं,आज देश के सभी क्षेत्रों में महिलाएं नेतृत्व कर रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महिला आरक्षण बिल लाकर देश की महिलाओं का आत्मस मान और अधिक बढ़ाया है। स मान समारेह के इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछ्वाहा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू कछ्वाहा नगर पंचायत अध्यक्ष मीना हरदहा, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा मिश्रा महामंत्री श्रीमती प्रीति राय जिला मंत्री श्रीमति अनीता तिवारी अनुराग चौरसिया श्रीमती ममता साहू पार्षद श्रीमती अनीता चौधरी सहित जिले की स्व सहायता समूह की कार्यकर्ता महिला मोर्चा की पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## रामनगर में डाक चौपाल संपन्न



मण्डला यशोः- सामुदायिक विकास कार्यक्रम डाक चौपाल का आयोजन रामनगर में किया गया। इस दौरान डाक विभाग से जुड़े विभिन्न जनहितैषी एवं लाभदायक योजनाएं जैसे- बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता, मासिक आय योजना खाता, वरिष्ठ नागरिक बचत खाता, आई.पी.पी.बी. खाता, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा इत्यादि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक डाकघर मंडला उपसंभाग पी.एन. सिंगौर, आईपीपीबी सहायक शाखा प्रबंधक विशाल रिछारिया एवं डाक विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मंडला संभाग के सहायक अधीक्षक पी.एन. सिंगौर ने बीमा योजनाओं एवं इंडिया पोस्ट पेंमेंट बैंक द्वारा किस प्रकार मात्र 399 रू में 10 लाख का ऐ सीडेंटल बीमा योजना कवर किया जा रहा है इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डाक विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विभाग की योजनाओं से जुड़ी जानकारी पर विस्तार से चर्चा करते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297